तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 जून 2025

13 प्रीमियर लीग का समापन : रोहांसी वॉरियर्स...


14 नपं में विकास के लिए वार्डवार रोडमैप तैयार




शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार
प्रवेश प्रारम्भ
के.जी.1 से 12वीं
(साईन्स, आर्ट्स, कामर्स, कृषि विज्ञान)
अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
शाश्वत में आइये और टॉपर बन जाइये...
लुभी साहू
कक्षा 12वीं
97%
छत्तीसगढ़ टॉप टेन में 4था स्थान प्राप्त करने पर बहुत-बहुत बधाई

| सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन | |
|---|---|
| भौतिक शास्त्र | 100 अंक |
| जीवविज्ञान | 100 अंक |
| रसायन शास्त्र | 97 अंक |
| हिन्दी | 96 अंक |
| अंग्रेजी | 92 अंक |

प्रिंसी वर्मा 97% | सतीश रॉय 96.3% | वसुंधरा 96.1% | तुषार 95.3% | तनु साहू 94.6% | हिमानी 94.5% | मानसी कुर्रे 93%
अनीषा ध्रुव 92% | सायरा चतुर्वेदी 91.8% | कृषिका फेकर 91% | पायल साहू 91% | वंदना देवांगन 90.8% | कनिष्का यादव 90.8% | माही सोनी 90.3%
निःशुल्क वाहन सुविधा - लोकल बलौदाबाजार, लटुवा, रिसदा, कुकुर्दी, बम्हनमुड़ी
संपर्क : 9111002360, 9111002362, 6268089459

## खबर संक्षेप

### जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन 10 को

**बलौदाबाजार**। जिला चिकित्सालय में 11 जून को कबीर जयंती पर शासकीय अवकाश होने के कारण जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन 10 जून मंगलवार को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया है।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार**। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ति परिवार के लिए 4 लाख आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं।जानकारी के अनुसार सोनाखान तहसील अंतर्गत ग्राम छतवन निवासी लोचन ठाकुर पिता बरसाती लाल ठाकुर की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पिता बरसाती लाल ठाकुर पिता खोरबहरा ठाकुर को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### महुआ शराब जब्त, दो लोगों पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद**। सरायपाली पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि बैदपाली रोड साप्ताहिक बाजार के पास आरोपी जगतराम यादव पिता जानकू यादव (65 साल) डुडुंमचुंवा थाना सरायपाली के कब्जे करीब 9 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 1800 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं दूसरे मामले में एनएच 53 मेन रोड बैतारी चौक में आरोपी रंजीत विश्वकर्मा पिता खिरोद विश्वकर्मा (25 साल) छिंदपाली के कब्जे से 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह सांकरा पुलिस ने एक महिला के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है।

### दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम डोकरपाली में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। तेंदूकोना पुलिस को प्रार्थी कोमल ने बताया कि 4 जून की रात 10 बजे घर के गली में खड़े होकर अपने दोस्त दौलत साहू से फोन से बात कर आपस में गाली गलौज कर रहे थे, उसी समय उसके सामने रहने वाला हूलदास अपने लड़के कमलेश तथा हिमेश के साथ निकला और मेरे घर के सामने गाली क्यों दे रहे हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के हूलदास ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि रात 10 बजे गांव का कोमल ढीढी घर के बाहर शराब के नशे में धुत होकर गाली गलौज कर रहा था, जब उसे मना किया तो आरोपी कोमल ढीढी ने घर के अंदर घुसकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर डंडे से मारपीट की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 331(3), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**अभियान :** जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान का आयोजन, जल संचयन की ली शपथ

# विश्व पर्यावरण दिवस : मिनीमाता गार्डन में लगाए गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार





- उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायत सम्मानित

विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम महाभियान अंतर्गत गुरुवार को मिनीमाता गार्डन में वन विभाग एवं नगर पालिका बलौदाबाजार द्वारा वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पार्षद एवं अधिकारियों ने फालदार एवं छायादार पौधे लगाए। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने जल संरक्षण की शपथ दिलाई। मोर गांव, मोर पानी महाभियान अंतर्गत जल संचयन के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायत पनगांव, शुक्लाभाठा एवं गिंडोला के जल संचय वाहिनी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को पौधा वितरित किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर सोनी ने विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 5 जून को हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस बार जिला प्रशासन की टीम ने शहर को हरा-भरा बनाने के लिए कार्ययोजना बनायी है, जिसमें तालाबों का सौन्दर्यीकरण एवं पौधारोपण किया जाएगा। इसके साथ ही ब्लॉक प्लांटेशन ▸▸ शेष पेज 13 पर

## पर्यावरण दिवस पर छात्रों ने लगाए विभिन्न प्रजातियों के पौधे और सुरक्षा का लिया संकल्प

**खरोरा**। पीएम भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय में इको क्लब, स्काउट गाइड एवं एन.एस.एस.के संयुक्त तत्वाव धान में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस एक पेड़ मां के नाम 2.0 मनाया गया। पर्यावरण जागरूकता हेतु, पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन उत्साह पूर्ण माहौल में किया गया। इस अवसर पर आंवला के 5 पौधें, करंज के 5 पौधे, हर्रा के 6 पौधें, मुनगा के 5 पौधे, नीम के 6 पौधें, कचनार के 7 पौधें, रीठा के 8 पौधें, अर्जुन के 2 पौधें, कनेर के 5 पौधें एवं इसी प्रकार से अन्य प्रजाति के पौधरोपण किए गए, साथ ही सुरक्षा का संकल्प भी लिया गया। विद्यालयीन बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरुकता पैदा करने और लोगों को पर्यावरण संरक्षण पर प्रेरित करने के लिए पोस्टर



प्रदर्शित किए। इस अवसर पर विद्यालय के स्काउट गाइड, इको क्लब प्रभारी शाहिना परवीन ने कहा कि सर्वप्रथम मैं सूर्य, समुद्र, वन, नदियों का धन्यवाद करना चाहूंगा, जिनकी वजह से यह जीवन है। अब जनसंख्या में निरंतर वृद्धि होती जा रही है, और जंगल अधमरे हुए जा रहे हैं, रासायनिक उर्वरकों के कारण वनों का विनाश हो रहा है, जल प्रदूषित हो रहा है। कार्बनडाइऑक्साइड की वजह से ग्लोबल वार्मिंग खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है। कब बाढ़ आएगी, कब सूखा पड़ेगा, कहा नहीं जा सकता। जल स्तर प्रत्येक बरस नीचे और नीचे होता जा रहा है। इन सबसे बचने के लिए हमें पौधों का रोपण जरूरी हो गया है, तभी हम अपनी धरती को सुरक्षित रख सकते हैं, की प्रेरणात्मक उद्बोधन दिए। कक्षा 5वीं/8वीं के केंद्राध्यक्ष इंदु ▸▸ शेष पेज 13 पर

# प्लांट में लगी आग, चार दमकल आग बुझाने में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

शहर ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेहका रोड स्थित सर्वोत्तम इंडस्ट्रीज के बायोमास प्लांट में शुक्रवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरे प्लांट को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं। भीषण गर्मी के कारण आग बुझाने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है और आग लगने के कारणों की जांच में जुट गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह मिल राकेश इदलानी की है, जहां लकड़ी के भूसे से प्लाईवुड बनाने का कार्य होता है। प्लांट परिसर में बड़ी मात्रा में लकड़ी का भंडारण होने के कारण आग तेजी से फैल रही है। फायर ब्रिगेड की टीम लगातार आग बुझाने में जुटी है, वहीं जेसीबी की मदद से उन इलाकों से लकड़ियां हटाई जा रही हैं, जहां अभी आग नहीं पहुंची है, ताकि आग और न फैले। फिलहाल आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है और तापमान अधिक होने के कारण आग बुझाने में कई घंटे लग सकते हैं। राहत की बात यह है कि अब तक किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, प्रशासन की निगरानी में राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है ।

# अब तक 40 हजार से अधिक कार्डधारियों को मिला तीन माह का चावल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- जिले में मनाया जा रहा चावल उत्सव

राज्य शासन द्वारा राशन कार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई और अगस्त का चावल एक साथ प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस विशेष अवसर पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 1 से 7 जून तक चावल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिले में अब तक 40848 राशन कार्डधारियों तीन माह का चावल एकमुश्त वितरण किया गया है।

खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में



376111 राशन कार्डधारी हैं, जिसमें से 40848 राशन कार्डधारियों को तीन महीने का चावल एकमुश्त वितरण किया जा चुका हैं। चावल वितरण हेतु जिले के सभी 570 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में चावल का अग्रिम आवंटन कर दिया गया है एवं भण्डारण भी तेजी से जारी हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार बरसात ▸▸ शेष पेज 13 पर

# लोकल ट्रेन में महिला के हैंडबैग से लाखों के गहने पार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

- बिलासपुर जीआरएफ ने जांच के लिए रायपुर रेलवे पुलिस को ट्रांसफर किया मामला

विवाह समारोह में शामिल होकर अपने गृह नगर बिलासपुर वापस लौट रही एक महिला के पर्स में सोने के हार, नेकलेस नकदी इत्यादि की चोरी हो गई। पीड़ित महिला ने लोकल ट्रेन में चढ़ने के दौरान घटना घटित होने की रिपोर्ट बिलासपुर जीआरपी में दर्ज कराई है। वहां से रेलवे पुलिस ने रायपुर पुलिस को मामला हस्तांतरण कर दिया है और वहां से डायरी आने के बाद स्थानीय जीआरपी आगे की जांच कार्रवाई करेगी। बताया जाता है, भाटापारा रेलवे स्टेशन पर इतनी बड़ी घटना के समय अधिकांश स्थानों पर लगा सीसीटीवी कैमरा बंद मिला, जो स्टेशन की सुरक्षा के प्रति बड़ी लापरवाही के रूप में जनता देख रही है।

बुधवार को प्रातः भाटापारा से बिलासपुर जाने एक परिवार भाटापारा स्टेशन पहुंचा। टिकट लेने के बाद ट्रेन नंबर 68728 रायपुर-बिलासपुर लोकल ट्रेन में जाने प्लेटफार्म नंबर 4 पर ट्रेन का इंतजार कर रही अशोक नगर बिलासपुर निवासी भारती साहू अपने रिश्तेदारों व बच्चों के साथ ट्रेन आने पर अपने परिवार के साथ ट्रेन में चढ़ गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि भाटापारा जैसे बड़े रेलवे स्टेशन पर जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग यात्रा करते हैं, वहां का कैमरा खराब होना या बंद होना उचित नहीं है, रेलवे लगातार सुरक्षा, संरक्षा को लेकर यात्रियों को अपनी प्राथमिकता बताती है, लेकिन भाटापारा जैसे बड़े स्टेशन पर महिला के पर्स से गहनों की चोरी होना बहुत बड़ा सवालिया निशान है जिस पर रेल प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।



### ढाई हजार रुपए नकद पार

ट्रेन के निपानिया पहुंचने पर उनको एहसास हुआ कि बैग में रखें लगभग ढाई हजार रुपए नगद एवं सोने के हार और नेकलेस हैंडबैग से किसी ने निकाल लिया। भारती साहू ने अपने साथ घटित घटना की रिपोर्ट ट्रेन के बिलासपुर पहुंचने पर बिलासपुर जीआरपी में दर्ज कराई। रिपोर्ट में प्रार्थी भारती साहू ने हैंडबैग से 20.5 ग्राम का एक हार, एक नेकलेस एवं ढाई हजार रुपए नकद चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जहां बिलासपुर जीआरपी ने मामला रायपुर थाना स्थानांतरित कर दिया है।

### प्रमुख स्थानों पर लगा सीसीटीवी बंद मिल

भारती साहू के परिजन रिश्तेदारों ने बताया कि सुबह की 2 उक्त लोकल ट्रेन में अत्यधिक भीड़ थी। ट्रेन के निपनिया पहुंचने के बाद उनको बैग से चोरी होने की सूचना मिलते ही स्थानीय जीआरपी से संपर्क कर रेलवे स्टेशन में लगे सीसीटीवी फुटेज से देखने का प्रयास किया गया तो प्रमुख स्थानों पर लगा सीसीटीवी बंद मिला, तो कुछ का एंगल सही नहीं मिला, जिससे महत्वपूर्ण फुटेज निकल नहीं पाया।

**जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान जारी**

# कृषि की उन्नत तकनीक का हुनर सीख रहे किसान

हरिभूमि ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले में विकसित क्रृषि संकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में प्राथमिक सहकारी समिति सिमगा में बुधवार क्रो शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों क्रो उन्नत क्रृषि एवं तकनीक की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शशि आनंद बंजारे, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, चन्द्रमणी तिवारी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित थे।

शिविर में किसानों को धान बुवाई के पूर्व बीजोपचार का लाईव प्रदर्शन कराया गया एवं धान की कतार बोनी (डीएसआचे पेडी



ट्रांसप्लांटर से रोपाई तथा सोयाबीन की बीबीएफ पद्धति एवं उन्नत फार्म मशीनरी का उपयोग जैसे विषयों में किसानों को प्रशिक्षित किया गया। किसानों को प्राकृतिक व जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार संतुलित उर्वरक के उपयोग, कृषि ड्रोन के माध्यम से उर्वरक छिड़काव और आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र एवं इफको के सहयोग से ड्रोन का लाइव प्रदर्शन कर किसानों को इसकी कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। शिविर में विशेष रूप से फसल चक्र परिवर्तन, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड ऑयल पाम एग्रीस्टैक योजना, पराली प्रबंधन एवं जल संरक्षण तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में किसानों को बीज, उर्वरक और अन्य कृषि आदान सामग्री का वितरण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा कुक्कुट प्रदाय योजना,सांड प्रदाय योजना सूकर तराई योजना, कृत्रिम गर्भधान योजना, बकरी पालन योजना की जानकारी दी गई। शिविर के अंत में किसानों क्रो बीज़, उर्वरक और अन्य क्रृषि आदान सामग्री का वितरण किया गया।

इस अवसर पर संयुक्त संचालक कृषि गया राम, उप संचालक क्रृषि दीपक कुमार नायक, कृषि महाविद्यालय भाटापारा के अधिष्ठाता ▸▸ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### एमकॉम प्रथम वर्ष में 24% छात्र उत्तीर्ण

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बुधवार को एमकॉम प्रथम वर्ष सहित कई कक्षाओं के परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी गई है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी गई है। ऐसे जो विद्यार्थी पिछले वर्ष एमकॉम प्रथम वर्ष की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गए थे, केवल उन्हीं के लिए पुराने पैटर्न पर परीक्षा आयोजित की गई थी इस परीक्षा में 1209 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से मात्र 293 अर्थात 24.23% छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं। इसके अलावा रविवि ने बीपीई तथा बीए क्लासिक प्राच्य संस्कृत के परिणाम भी घोषित कर दिए हैं।

### नेट केबल वायरिंग की शिकायत का समाधान

**रायपुर।** भक्त कर्मा वार्ड के शिव नगर क्षेत्र में नेट केबल से संबंधित जनशिकायत को संज्ञान में लेते हुए महापौर मीनल चौबे और निगम की विद्युत विभाग अध्यक्ष सुमन-अशोक पांडे ने विद्युत शाखा की टीम के साथ संयुक्त रूप से जोन 5 क्षेत्र में जनशिकायत का निदान किया। पार्षद ममता-सोनू तिवारी, जोन अध्यक्ष अंबर अग्रवाल के निर्देश पर केबल वायरिंग संबंधित शिकायत दूर की गई।

### ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने होम-स्टे नीति मंजूर

**रायपुर।** कैबिनेट द्वारा राज्य में ग्रामीण एवं आदिवासी बहुल क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के लिए 'छत्तीसगढ़ होम-स्टे नीति 2025-30' का अनुमोदन किया गया। होम-स्टे नीति का उद्देश्य यह है कि छत्तीसगढ़ के गांवों और विशेषकर बस्तर, सरगुजा के दूरदराज के इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए। इससे वहां के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल सकेंगे। होम-स्टे के जरिए पर्यटकों को गांव की संस्कृति, कला, शिल्प और प्रकृति से जुड़ा खास अनुभव मिलेगा, साथ ही इससे गांवों में रहने वाले लोगों को सीधा लाभ होगा और उनकी आमदनी बढ़ेगी। यह एक तरह से वोकल फॉर लोकल के लक्ष्य को प्राप्त करने और देश में ग्रामीण पर्यटन के विकास में महत्वपूर्ण साबित होगा।

### नरसिंह मंडल की 13वीं पुण्यतिथि 7 को

**रायपुर।** सतनामी समाज के लौहपुरुष, आरडीए और मध्यप्रदेश राज्य परिवहन निगम के पूर्व अध्यक्ष तथा गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संस्थापक सतलोकी नरसिंह मंडल की 13वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम न्यू राजेंद्र नगर स्थित अकादमी भवन में 7 जून को दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगा। इस अवसर पर सुरता नरसिंह मंडल कार्यक्रम भी होगा। अकादमी के अध्यक्ष केपी खंडे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि शनिवार को बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोग सांस्कृतिक भवन प्रांगण में एकत्रित होकर वहां स्थापित स्व. मंडलजी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अधूरे समाजोत्थान के कार्यों को पूरा करने का संकल्प लेंगे।

### संत कबीर जयंती समापन समारोह 7-8 जून को



**रायपुर।** राष्ट्रीय संत असंगदेव जी के सानिध्य में प्रादेशिक कबीर जयंती महोत्सव व गौ-ग्राम जनजागरण यात्रा का समापन 7 व 8 जून को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होने जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आश्रम के प्रभारी देवकर साहेब ने बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक कथा स्थल असंग आश्रम सोनपैरी में होगा। आश्रम प्रभारी ने क्षेत्र के रहवासियों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

# विस के कुसमी में चलाया गया विकसित कृषि संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड के ग्राम कुसमी में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, नवीनतम सरकारी योजनाओं तथा कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु जानकारी प्रदान करना था इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुसमी सरपंच प्रतिनिधि कांशीराम घृतलहरे, सहकारी समिति कुसमी के प्राधिकृत अध्यक्ष लोकेश्वर वर्मा, ग्राम प्रमुख नेमसिंह वर्मा, उप सरपंच तरुण वर्मा, राहुल चंद्राकर युवा नेता भाजपा, समिति प्रबंधक रामनाथ साहू, कृषि वैज्ञानिक डॉ. योगेश येडे, राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस मैनेजमेंट संस्थान रायपुर, डॉ. सागर पांडेय कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा, डॉ. चेनेश पटेल इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर, कृषि विभाग से गजानंद तारम वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, मछली पालन विभाग से वायल रॉबर्ट सहायक मत्स्य अधिकारी, डॉ. गोपाल पटेल, ममता पटेल पशुधन विकास विभाग, बद्रीप्रसाद जावरीया, कृषि विकास अधिकारी, राजू कुमार टांडे कृषि विस्तार अधिकारी, पुष्पांजलि बांधे, योगेश मढरिया, मोहित साहू उद्यान विभाग, बलराम राठौर कृषि विस्तार अधिकारी, योगेश त्रिपाठी, जितेंद्र पटेल, लक्ष्मीनारायण वर्मा, यशवंत वर्मा, दीपक वर्मा, दुर्गा वर्मा, जगमोहन वर्मा, भुवन यादव, डोमन वर्मा इसके अलावा भारी संख्या में कृषक बंधु उपस्थित हुए।

**किसानों को मिली नई तकनीकों व योजनाओं की जानकारी**



**सरकारी योजनाओं की दी जानकारी**

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा किसानों को नई खेती पद्धतियों, उन्नत बीजों, जैविक खेती, सिंचाई के नवीन तरीकों और मृदा परीक्षण की उपयोगिता के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही, उपस्थित अधिकारियों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, कृषि यंत्र अनुदान योजना जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। किसानों को प्रत्यक्ष रूप से अपने अनुभव साझा करने और फीडबैक देने का अवसर भी मिला, जिससे उनकी समस्याओं को समझा गया और समाधान के सुझाव दिए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय किसान, कृषि वैज्ञानिक, ग्रामीण जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

### अवैध घुसपैठियों के विरुद्ध जिला पुलिस की चेकिंग कार्रवाई जारी

# जिले में अवैध व अनाधिकृत प्रवासियों की चेकिंग में 1115 मिले संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार









जिले में अवैध/अनाधिकृत रूप से प्रवासियों की संभावना हो सकती है। सांस्कृतिक, जातीय बोलचाल, रहन-सहन में समानताएं होने के कारण कई बार ऐसे प्रवासियों पर ध्यान नहीं दिया जाता। ऐसे अवैध प्रवासी नागरिक अधिकारों का उल्लंघन करने के साथ-साथ गंभीर सुरक्षा की चुनौतियां भी पैदा कर सकते हैं। पुलिस द्वारा कानून संबंध प्रक्रिया के तहत ऐसे तत्वों की पहचान अति आवश्यक है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में अवैध अनाधिकृत प्रवासियों की गहन जांच एवं पहचान के लिए जिले के समस्त थाना चौकी क्षेत्र अंतर्गत विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिले में अवैध रूप से बांग्लादेशी, रोहिंग्यो घुसपैठियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के लिए विशेष टीम गठित कर जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर प्लांट एरिया, फैक्ट्री लकड़ी चालों, भीड़-भाड़ वाले रहवासी क्षेत्रों, रहने वाले किरायेदारों, वनांचल क्षेत्रों के फार्म हाउस आदि को चेक किया गया।

चेकिंग के दौरान बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत विशेष रूप से जिले के सीमेंट संयंत्रों न्यू विस्टा, अंबुजा एवं न्यूवोको संयंत्र में कार्यरत एवं इन संयंत्र के आसपास क्षेत्र में निवासरत ठेका कर्मियों की जांच तस्दीक उनके फिंगरप्रिंट लिए गए है। इस दौरान मानव कॉलोनी रवान, ग्राम रिसदा, सोनाडीह, रावन आदि क्षेत्रों में रहने वाले बाहरी प्रांत से आए श्रमिकों के आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर एवं उनके फिंगरप्रिंट लिया गया है। प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर उनके मूल निवास की जांच तस्दीक पृथक से की जा रही है।

इसी क्रम में भाटापारा अनुविभाग क्षेत्र अंतर्गत अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र, श्री सीमेंट, थाना हथबंद क्षेत्र अंतर्गत नवनिर्मित विभिन्न संयंत्रों, ग्राम बकुलाही स्थित रियल इस्पात संयंत्र, भाटापारा रेलवे स्टेशन के आसपास क्षेत्र एवं शहर क्षेत्र में स्थापित विभिन्न पोहा एवं दाल मिल में कार्यरत श्रमिकों के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर उनके फिंगरप्रिंट लिए गए हैं। कसडोल अनुविभाग अंतर्गत वनांचल राजादेवरी, बया क्षेत्र में स्थित फार्म हाउस में कार्यरत मजदूर एवं श्रमिकों के संबंध में जानकारी लेकर उनका फिंगरप्रिंट लिया गया है। इसके साथ एक गिरौदपुरी मंदिर क्षेत्र में आने वाले ठेला, खोमचा लगाने वाले बाहरी प्रांत के लोगों के भी दस्तावेज प्राप्त किए गए हैं।

संपूर्ण प्रक्रिया में पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र अंतर्गत ठेला, खोमचा, रोड किनारे विभिन्न फुटकर की दुकान लगाने वाले लोगों, नेशनल हाईवे एवं सड़क मार्ग के किनारे दुकान लगाने वाले बाहरी लोगों से सभी पूछताछ कर उनके फिंगरप्रिंट लिए गए हैं। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा संपूर्ण जांच अभियान के तहत कुल 1115 लोगों के फिंगरप्रिंट लिए गए हैं। साथ ही इन सभी लोगों के आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड आदि प्राप्त कर उनके स्थाई निवास आदि की जांच तस्दीक हेतु उनके मूल निवास जिले में भी पत्राचार किया गया है। अभी तक की संपूर्ण जांच प्रक्रिया में किसी भी प्रकार से अवैध प्रवासी की जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। जिले में पुलिस टीमों द्वारा अवैध, अनाधिकृत प्रवासियों के संबंध में जांच अभियान प्रक्रिया लगातार जारी है।

## घबराए छात्र पहुंचे रविवि कहा-अचानक बंद हो गए दाखिले, अब क्या करें?



- उच्च शिक्षा विभाग ने अब तक जारी नहीं किए हैं दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि जो ना कर बैठे वो कम है। ताजा मामला प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ा है। रविवि द्वारा मई माह के अंतिम सप्ताह में आवेदन के लिए पोर्टल प्रारंभ किया गया था। रविवि ने उस वक्त कोई अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों में प्रवेश अथवा मेरिट लिस्ट जारी किए जाने को लेकर किसी तिथि का निर्धारण अब तक नहीं किया है। ऐसे में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों ने आवेदन तो शुरू कर दिए हैं, लेकिन अंतिम तिथि को लेकर छात्रों को कोई सूचना नहीं दी गई है।

रविवि द्वारा अचानक से आवेदन पोर्टल बंद किए जाने के बाद कई छात्र इस भ्रम में आ गए कि रविवि द्वारा नवीन सत्र में प्रवेश के लिए पोर्टल पूर्णतः बंद कर दिया गया है। इसके बाद घबराए हुए छात्र बुधवार को रविवि पहुंचे। छात्रों का कहना है कि आवेदन के दौरान भी पोर्टल पर बार-बार तकनीकी खराबी आ रही थी और अब यह पूरी तरह से ठप हो चुका है। सीबीएस (सेंटर फॉर बेसिक साइंस) सहित विवि अध्ययनशाला में संचालित पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि घोषित की जा चुकी थी, परंतु अन्य पाठ्यक्रमों के लिए न तो कोई स्पष्ट सूचना दी गई और न ही पोर्टल पर कोई दिशा-निर्देश मौजूद है। इसे छात्र असमंजस में हैं।

*विस्तृत सूचना साझा करे विवि : एनएसयूआई ने भी छात्रों की यह समस्या विवि प्रबंधन के सामने रखी। छात्र संगठन का कहना है कि छात्र कई बार पोर्टल खोलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वेबसाइट या तो खुलती ही नहीं या बार-बार एरर का मैसेज प्रदर्शित होता है। छात्रों का कहना है कि न तो विश्वविद्यालय की ओर से कोई ईमेल या मैसेज अलर्ट दिया गया, न ही आधिकारिक वेबसाइट या सोशल मीडिया पर सूचना साझा की गई। जिला सचिव संस्कार पांडे ने कहा, कई छात्र बाहर कैफे जाकर आवेदन कर रहे थे, लेकिन समय पर जानकारी न मिलने से उनका समय और संसाधन दोनों व्यर्थ हो रहे हैं। छात्रों ने मांग की है कि विश्वविद्यालय पोर्टल को शीघ्र प्रारंभ की जाए तथा विस्तृत सूचना सार्वजनिक रूप से साझा की जाए।*

**महाविद्यालय परेशान**

महाविद्यालय भी परेशान हैं। छात्र आवेदन तिथि के संदर्भ में जानकारी मांग रहे हैं, लेकिन कोई सूचना नहीं होने के कारण हम उनका मार्गदर्शन करने में असमर्थ हैं। **-देवाशीष मुखर्जी**, सचिव, निजी कॉलेज संघ

## कुम्हारी में घुसा भालु ग्रामीणों में दशहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

जंगल से भटक कर एक जंगली भालु अचानक ग्राम कुम्हारी में घुस गया है, जिससे ग्रामीणों में अफरातफरी मचा हुआ था और भालु से गांव में भय और दशहत का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुम्हारी में शाम 6 बजे के आसपास एक भालु जंगल से भटक कर गांव में घुस गया था और ग्रामीणों में अफरातफरी मचा हुआ था तथा गांव में भय और दशहत का माहौल बना हुआ है शाम होने के कारण भालु गांव में मुडवाभाटा खार में पेड पर चढ गया है इधर आसपास के गाँव कुम्हारी, घटमडवा ,पुलेनी में कोटवारो को मुनादी कराकर ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए रात में घर से बाहर नही निकलने और सावधानी बरतने तथा सतर्क रहने का सूचना दिया गया है । रात हो जाने से भालु पेड पर चढ गया है और वन विभाग एवं गिधौरी पुलिस द्वारा रेस्क्यू में लगा हुआ है रात में अंधेरे होने से परेशानी हो रही है और वन विभाग द्वारा भालु को ढुंढने में लगे हुए थे लेकिन देर रात समाचार लिखे जाने तक भालु पकड से बाहर थे और रात में लोगों को सचेत रहने की सलाह दी गई है ।



## कॉक्लियर इंप्लांट के बाद निरंतर स्पीच थैरेपी से नंदिनी और जीत बने मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



श्रवण बाधित बच्चों ने सामान्य जीवन जीने के लिए कड़ी चुनौती स्वीकार की और कॉक्लियर इंप्लांट के बाद निरंतर स्पीच थैरेपी से शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज के सामने मिसाल पेश की। स्कूलों में सामान्य बच्चों की तरह पढ़ाई कर भावना पटेल ने 11वीं में 86, नंदिनी पिल्लई ने 10वीं में 77 फीसदी तथा और जीत ने 10वीं में 90 प्रतिशत अंक हासिल किए।

आंबेडकर अस्पताल में संचालित नाक-कान-गला रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. हंसा बंजारा ने बताया कि भावना, नंदिनी एवं जीत बचपन से ही श्रवण बाधित थे। माता-पिता, शिक्षकों तथा चिकित्सा विशेषज्ञ के प्रयासों से इन बच्चों ने न केवल सुनना और बोलना सीखा, बल्कि शिक्षा में भी उत्कृष्टता हासिल की। कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी के बाद स्पीच थैरेपी की मदद से इनकी संचार क्षमता में सुधार हुआ और इन्होंने नियमित विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने बताया कि सर्जरी और स्पीच थैरेपी की मदद से कई बच्चे समाज की मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं और विभिन्न सेक्टर में अपना परचम लहरा रहे हैं। आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि ईएनटी रोग विभाग में कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी शासन की स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत निशुल्क की जाती है। संस्थान की प्रमुख सर्जन डॉ. हंसा बंजारा द्वारा अब तक 285 कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी की जा चुकी है। कॉक्लियर इंप्लांट सर्जरी के पश्चात नियमित स्पीच थैरेपी कराई जाती है, जिससे ये बच्चे समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें।

## जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठजनों ने किया पौधारोपण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर पंचायत द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर के दतान रोड स्थित मैदान में नगर के जनप्रतिनिधियों व नगर के गणमान्य नागरिक समाजसेवी प्राकृतिक प्रेमी पत्रकारगणों ने 200 शीशम के पौधा रोपण किया। उक्त अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा पर्यावरण संरक्षण हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है, विश्व पर्यावरण दिवस पर यह स्मरण जरूरी है कि एक पेड़ अनेक फायदे देता है। योगेश चंद्राकर, विपिन बिहारी वर्मा ने पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण मुक्त नगर बनाने शपथ दिलाया। हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि यह वर्षा लाने, प्रदूषण कम करने, पक्षियों और जानवरों को आश्रय देने तथा धरती को हरा-भरा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नंद वर्मा ने सार्वजनिक स्थलों पर लोंगों से पेड़ लगाने व उनकी सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण की अपील किया है। उक्त अवसर पर दुर्गा महेश्वर, धनेश वर्मा पार्षदगण लेखु वर्मा, नारायण धीवर, कुमार धीवर, डोमार वर्मा, खेलन बाई वर्मा, बंटी वर्मा, भूषण ठेठवार,पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम धीरहे, पुनीत निषाद, कृष्णा देवांगन, शेखर वर्मा, यमलोक साहू, तुका वर्मा, ईश्वर साहू, प्रकाश कन्नौजे, तरुण देवांगन, परस देवांगन, नारायण सेन, लेखापाल, भोजराम साहू, महेंद्र वर्मा सहित नगर पंचायत के कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### यह लड़ाई सत्ता की नहीं, नीति और नीयत की है : भूपेश बघेल

# पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने लीला देवी को अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

गुरुवार रसौटा गांव में शोक और राजनीतिक चेतना का संगम देखने को मिला, जब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कसडोल की पूर्व विधायक शकुंतला साहू की माता स्व. लीला देवी साहू के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। भावुक माहौल में परिवार को सांत्वना देते हुए बघेल ने कहा, लीला देवी न केवल एक आदर्श माता थीं, बल्कि समाज सेवा में उनकी निःस्वार्थ भागीदारी आज भी प्रेरणा देती है। उनकी सहजता, सहनशीलता और सेवा भाव अविस्मरणीय हैं।



इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू,पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर, पलारी विधायक संदीप साहू, भाटापारा विधायक इंद्र साव, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव,गुण्डरदेही विधायक कुवँर सिँह निषाद, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, चंद्रदेव राय, राकेश वर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे,पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, नप अध्यक्ष गोपी साहू, रोहित साहू, धन्नू साहू, ब्लाक अध्यक्ष सुनील कुर्रे पूर्व अध्यक्ष गणेश शँकर जायसवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष खिलेन्द्र लर्मा, पवन साहू सहित कई वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

**किसानों के साथ अन्याय हो रहा है : भूपेश**

पलारी विश्राम गृह में प्रेस वार्ता में भूपेश बघेल पूरी तरह आक्रामक नजर आए। उन्होंने राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा प्रदेश की हालत बद से बदतर होती जा रही है। किसान समय पर बीज और खाद के लिए भटक रहे हैं। कहीं वितरण नहीं, कहीं गुणवत्ता नहीं किसान को हर मोर्चे पर छले जा रहे है। सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

**शिक्षा व्यवस्था चरमराई**

उन्होंने शिक्षा व्यवस्था पर बोलते हुए बघेल ने कटाक्ष करते हुए कहा जहां बच्चों को ज्ञान के पाठशालाएं बँद कर वहां मधुशाला खोली जा रही है। यह सरकार की प्राथमिकताओं का वीभत्स चित्र है, नल जल योजना का हाल बेहाल नल बन टोटी लग गई लेकिन पानी नही आ रहा,विद्युत व्यवस्था पुरी तरह से चरमरा गई है,उन्होंने आगे कहा कि राम वन गमन पथ के तहत तुरतुरिया जैसे ऐतिहासिक स्थल को बनाए हुए दो साल हो चुके हैं, लेकिन अब तक उद्घाटन तक नहीं किया गया। क्या सरकार को श्रीराम की आस्था से कोई सरोकार नहीं बघेल ने कहा कि कांग्रेस सड़कों से सदन तक किसानों, छात्रों और आम जनता के हक की आवाज बुलंद करती रहेगी।यह सिर्फ सत्ता की लड़ाई नहीं है, यह नीति, नीयत और जनहित की लड़ाई है। जब तक किसानों की जमीन सुरक्षित नहीं, जब तक विद्यार्थियों को शिक्षा और युवाओं को रोजगार नहीं, तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

## संकल्प, ऑपरेशन सिंदूर, वोकल फॉर लोकल, व्यापारी सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैट छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में ऑपरेशन सिंदूर, संकल्प, वोकल फॉर लोकल, प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन का आयोजन 6 जून को समता कॉलोनी के मैक कॉलेज स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा विशिष्ट अतिथि रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत होंगे। कैट के पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत से भेंट की।

राजधानी में 6 जून को होने वाले प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड सुनील सिंघी करेंगे। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि कैट छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में ऑपरेशन सिंदूर, संकल्प, वोकल फॉर लोकल, प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन का आयोजन 6 जून को दोपहर 3.30 बजे मैक कॉलेज ऑडिटोरियम में होगा।


**ये उपस्थित रहे**

कार्यक्रम के सिलसिले में कैट के पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। इस मौके पर कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन श्री पारवानी, जितेंद्र दोशी, परमानंद जैन, सुरिंदर सिंह, राजेंद्र खटवानी, गोल्डी जैन, विजय पटेल, भास्कर साहू, राजू डागा, राजा माखीजा, संजय तेजवानी, शरद अग्रवाल, गुरुमुख दास वाधवा, अकरम कुरैशी, अरुण शुक्ला, आलोक बिंदल, चिंटू बग्गा, आकाश चोपड़ा, अमित खण्डेलवाल एवं संजय रिजवानी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## निर्जला एकादशी कल

**खरोरा**। निर्जला एकादशी 7 जून शनिवार को मनाया जाएगी। इस दिन व्रती लोग जल ना पीने का अखंड व्रत करते हैं। पं. सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि जो व्यक्ति साल के प्रत्येक एकादशी को व्रत नहीं कर सकते। वह निर्जला एकादशी का व्रत को करके, पूरा साल भर एकादशी व्रत का पुण्य प्राप्त कर सकता है। ऐसा वेद शास्त्र पुराण का मत है।



भीमसेन ने अपने पितामह वेदव्यास भगवान से बोले पितामह मेरे सभी भाई द्रोपती और माता कुंती के सहित एकादशी का व्रत करते हैं। पर मैं एकादशी का व्रत नहीं कर पाता। क्योंकि मेरे पेट में वृक नामक असुर है, जो मुझे खाली पेट रहने ही नहीं देता। मैं व्याकुल हो जाता हूं। बार-बार भूखा रहकर साल भर का एकादशी व्रत मैं नहीं कर सकता, ऐसा कोई उपाय बताइए जिससे मुझे भी व्रत का पुण्य प्राप्त हो। तब वेदव्यास भगवान ने कहा हे भीमसेन तुम जेठ मास के शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी का व्रत करो, तो तुम्हें पूरे वर्ष भर एकादशी व्रत का पुण्य प्राप्त हो जाएगा और स्वर्ग की प्राप्ति होगी। क्योंकि एकादशी का व्रत करने वाला को सीधा बैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है।

## अश्विनी बने निर्माण समिति के सभापति अध्यक्ष

**हथबंद**। अश्विनी पाल



बलौदाबाजार जिला सिमगा विकास खंड क्षेत्र क्रमांक 6 का जनपद सदस्य है, जिसके अंतर्गत तीन ग्राम पंचायत, मोहभट्ठा, कुकरचुंदा, बिलाईडबरी आते हैं। लोगों ने लोक निर्माण समिति का अध्यक्ष बनने पर अश्वनी पाल को बधाई दी और कहा कि अश्वनी पाल के निर्माण समिति के अध्यक्ष बनाए जाने में नई आशा की किरण जगी है, कि रुके हुए विकास कार्य को किस प्रकार से गति प्रदान करेगी।

## पत्नी के साथ मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम छुईहा की एक महिला के साथ उसके पति ने मारपीट कर दी। प्रार्थिया रीना यादव ने सिंघोड़ा पुलिस को बताया कि 4 जून को शाम 7 बजे उसका पति हृदेश यादव शराब पीकर आया और मोबाईल गिरवी रखा हूं लेने जाउंगा कहते हुए पैसा मांगा। प्रार्थिया द्वारा तीन हजार रुपए देने पर तू कौन होती है मना करने वाली कहकर डंडे से मारपीट कर गाली गलौज करने लगा। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर दिव्यांग बच्चों को मिला आत्मनिर्भरता का उपहार

**महासमुंद**। विश्व पर्यावरण दिवस पर विकासखंड स्त्रोत केंद्र में पौधारोपण कार्यक्रम के उपरांत विकासखंड के दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा से प्राप्त दिव्यांग बच्चों के लिए सामग्री ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, एयर फोन, एमआरपी किट, फाइन मोटर किट, वॉकर, ओको फ्रेशनर थेरेपी किट, पजल्स, बैसाखी का वितरण किया गया।

दिवस : प्लास्टिक मुक्त करने का दिया संदेश

# संयंत्र में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, इकाई कुकुरदी सीमेंट वर्क्स में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी ने सभी कर्मचारियों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की एवं संयंत्र को प्लास्टिक मुक्त करने हेतु संदेश दिया।तकनीकी प्रमुख अभिजीत जोशी ने प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्लास्टिक कचरे का संयंत्र में वैकल्पिक ईंधन के रूप में को-प्रोसेसिंग के माध्यम से उपयोग किया जा सकता है। वाणिज्य प्रमुख शिवम पोरवाल ने जल संरक्षण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की महत्ता पर विचार साझा किए। वहीं, माइंस प्रमुख अभिषेक भारद्वाज ने जैव-विविधता संरक्षण एवं सतत विकास (सस्टेनिबिलिटी) के महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत संयंत्र के सीमेंट मिल क्षेत्र, मटेरियल गेट एवं खदान में लगभग एक हजार पौधारोपण किया गया, जिसमें सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

पर्यावरण जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत बच्चों, महिलाओं और संयंत्र के सभी कर्मचारियों के लिए ड्राइंग, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया एवं संयंत्र के विभिन्न विभागों में टूल बॉक्स टॉक के माध्यम से इस वर्ष के पर्यावरण थीम 'एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन ग्लोबली' के तहत लोगों को प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने हेतु जागरूक किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साह और रचनात्मकता के साथ भाग लिया। इसमें कुकुरदी सीमेन्ट वर्क्स की सखी लेडिस क्लब की अध्यक्षा दीपा कुलकर्णी ने सभी महिलाओं को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन पर्यावरण प्रमुख डॉ. अभिषेक मिश्रा, सुरक्षा विभाग प्रमुख राकेश दुबे और सुरक्षा अधिकारी सिबाराम गौड़ा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सिविल एवं हार्टिकल्चर के प्रमुख प्रीतम जक्कनवार का विशेष योगदान रहा।

### रासेयो ने दिया प्लास्टिक मुक्त जागरुकता का संदेश



**बगबुड़ा**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय -दतान(ख) बगबुड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने पर्यावरण संरक्षण दिवस पर प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत जागरूकता अभियान रैली निकाली। यह रैली संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाया गया। स्वयं सेवकों ने डाईंग सीट में पर्यावरण से बचाव के प्रति चित्र के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया। इस रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के 40 स्वयं सेवकों ने बढ़-चढ़ भाग लिया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कंश राम निषाद भी उपस्थित थे। स्वयं सेवक के अध्यक्ष मंजु कैवत, शालनी धीवर, वर्षा धीवर, पुनम धीवर आदि स्वयं सेवको ने भाग लिया। सभी स्वयं सेवको ने गांव में लोगों को पर्यावरण संरक्षण दिवस पर शपथ कराया गया कि हम सभी पर्यावरण को बचायेंगे ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करेंगे। छुट्टी होने के बाद भी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों में पर्यावरण दिवस पर इस धरती को बचाने के कृत संकल्प है। बारिश होते ही इस वर्ष 500 पौधारोपण करेंगे का संकल्प लिया हैं।

### तीन पंचायतों में पौधा रोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**बगबुड़ा**। वन प्रबंधन समिति धमनी एवं ग्राम पंचायत संरपचों द्वारा आयोजित एक पेड़ मां के नाम के तहत जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत खैरी, ग्राम पंचायत धमनी, ग्राम पंचायत मुड़ियाडीह में पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वन विभाग प्रबंधन समिति धमनी ने जंगलों से प्लास्टिक समेत अन्य कचरे को साफ किया। ग्राम पंचायत खैरी के स्कूल के प्रांगण तथा पंचायत भवन में पौधे लगाए, वहां के ग्रामीणों ने व स्कूली बच्चों ने पौधों की देखभाल करने की शपथ ली, वहीं एक ओर ग्राम पंचायत धमनी के बने गौशाला ,स्कूल, तालाब किनारे पौधे लगाए तथा ग्राम पंचायत मुड़ियाडीह के सामुदायिक भवन, जनचौपाल, आंगनबाड़ी केंद्र पर पौधे लगाए गए । इस अवसर पर वन प्रबंधन समिति धमनी के अध्यक्ष रामायण, नारायण यादव, परिक्षेत्र अधिकारी आषुतोष ठाकुर, मनबोधन टंडन, चंद्र कुमार पैकरा जनपद सदस्य पलारी,हरदयाल पैकरा संरपच धमनी, चितेरखा, लक्ष्मीनारायण घृतलहरे, सरपंच खैरी, अनिता, लिंकन, गोयल, सरपंच मुड़ियाडीह, मनीष घृतलहरे, जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार भीम क्रांतिवीर छत्तीसगढ़, उपसरपंच मिनेंद्र यादव धमनी, रामायण डहरिया उपसरपंच खैरी, भागचंद कलिहारी, रितिक घृतलहरे, मनमोहन रात्रे, जगमोहन रात्रे आदि मौजूद थे ।



## दामाखेड़ा का नाम बदलने पर भाजपा ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने दामाखेड़ा का नाम परिवर्तित कर कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा करने पर मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया । भाटापारा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में आयोजित कैबिनेट बैठक में कई जनहितैषी निर्णय लिए गए।

इसी के तहत भाटापारा विधानसभा के ग्राम दामाखेड़ा का नाम कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। शिवरतन शर्मा ने कहा कि कबीर पंथीयों की आस्था के केंद्र दामाखेड़ा का नाम बदलने की मांग लंबे समय से चली आ रही थी। मांग के अनुरूप पिछले वर्ष 23 फरवरी को दामाखेड़ा में आयोजित संतसमागम समारोह माघी मेला में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा दामाखेड़ा का नाम परिवर्तन कर कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा करने की घोषणा की गई थी। इसी घोषणा के अनुरूप बुधवार मंत्रिमंडल की बैठक में नाम बदलने का यह ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। नाम बदलने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। इस निर्णय के लिए शिवरतन शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राज्य सरकार एवं सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया।

उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। दामाखेड़ा का नाम परिवर्तन का निर्णय स्थानीय निवासियों की भावना और ऐतिहासिक-सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए लिया गया है। यह निर्णय एक बार फिर यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ सरकार आमजन की आकांक्षाओं और जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए सुशासन की ओर निरंतर कदम बढ़ा रही है। भाजपा जो कहती हैं वो करती हैं इस बात को यह ऐतिहासिक निर्णय चरितार्थ करती हैं।

## प्रीमियर लीग का समापन : रोहांसी वॉरियर्स ने जीता प्रथम पुरस्कार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

रोहांसी नगर में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता रोहांसी प्रीमियर लीग समापन समारोह उत्साह के साथ संपन्न हुआ। खेल प्रेमियों और नगरवासियों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी गरिमामयी बना दिया। इस प्रतियोगिता में रोहांसी वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुढेला की टीम ने द्वितीय, पनगांव ने तृतीय, और गोडा की टीम ने चतुर्थ स्थान अर्जित किया। विजेता टीमों को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे अतिथियों ने विजेता एवं प्रतिभागी टीमों को बधाई दी और आयोजन समिति के अनुशासन, व्यवस्था और सफल आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल भावना को बढ़ावा दिया ।

समारोह में मुख्य अतिथि संदीप साहू विधायक,सुमित्रा घृतलहरे, हितेंद्र ठाकुर, मनीष चंद्राकर, नंदेश्वर साहू, गोपी साहू, पीतांबर साहू, ईश्वरी साहू, कामता घृतलहरे, सुंदरलाल साहू, नगर के पार्षदगण एवं व्यापारीगण उपस्थित थे। अतिथियों ने विजेता एवं प्रतिभागी टीमों को बधाई दी और आयोजन समिति के अनुशासन, व्यवस्था और सफल आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल भावना को बढ़ावा दिया और इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।



## 9 जुआरी गिरफ्तार, 25 हजार रुपए जब्त



**सिमगा**। पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 12 बजे पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को मुखबीर से सूचना मिली कि शिव मंदिर के पास तालाब टिहूपारा में जुआ का बड़ा फड़ लगा है। इस पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर रेड कार्रवाई की है। इसमें जुआ फड़ से नगदी रकम 25,310 रुपये एवं 52 पत्ती ताश जब्त कर 9 जुआरी, जिसमें धनेश्वर बांधे पिता कमल बांधे 20 वर्ष, पवन कुमार पिता मेघनाथ देवांगन 25 वर्ष, कृष्ण कुमार पिता साखाराम आडील 24 वर्ष, लक्ष्मण भारती पिता सहदेव भारती 25 वर्ष, सागर बंजारे पिता महेंद्र बंजारे 27 वर्ष, उत्तम कुमार पिता सुखदिलआडील 27 वर्ष, मुकेश पत्र पिता सनत पत्र 28 वर्ष, महेंद्र कुमार पिता महेतरु सतनामी 40 वर्ष, बरकत अली पिता मुस्ताक अली उम्र 36 वर्ष सभी टीहू पारा सिमगा निवासी को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ जुआ एक्ट की कार्रवाई की गई है।

## 307 बच्चों ने सीखे विभिन्न प्रकार के हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



किरण इवेंट फ्यूजन के अरूण छाबड़ा बंटी द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 26 मई से 5 जून तक किया गया। यह 11 दिवसीय प्रशिक्षण स्थानीय पंचम दीवान नगर पालिका कन्या शाला भाटापारा में दिया गया, जिसमें लगभग 307 बच्चे भाग लेकर मेहंदी, रंगोली, पेंटिंग, करसिव राईटिंग, डांस आदि का प्रशिक्षण, प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा दिया गया। इस समर कैंप के आयोजक अरुण छाबड़ा ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य पढ़ाई जीवन के लिए महत्वपूर्ण है, परन्तु पढ़ाई के अलावा भी बच्चों तक के भीतर जो प्रतिभा होती है। उन्हें भी पहचान की आवश्यकता है गर्मी की छुट्टी में बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा और उनकी योग्यता को आगे बढ़ाने का प्रयास संस्थान द्वारा किया जाता है। इन प्रशिक्षण शिविर में अतिथि के रूप में डॉ. विकास आडिल, अजय गुप्ता, कैलाश बालानी, हरमिंदर सिंह चावला, स्वरूप अग्रवाल, नंद किशोर वैष्णव के साथ बलवंत छाबड़ा, सीमा मल, अनिता छाबड़ा, प्रक्रिति साहू, सुकिर्ति साहू, मनीषा गट्टानी, देवेन्द्र निषाद, हर्ष यादव, गुलशन वर्मा, निवेदिता वर्मा, रानी यादव, पूजा देशमुख, नेहा वर्मा, संजना साहू, दीपिका पांजा, पूर्वाशं छाबड़ा, यशदीप छाबड़ा सहित अन्य लोगों का भी सहयोग रहा।

## गायत्री परिवार ने मनाई जयंती, किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन



बलौदाबाजार जिले के भाटापारा के पास हिरमी के गायत्री प्रज्ञापीठ में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार की ओर से गायत्री जयंती व गंगा दशहरा का पर्व समूह साधना और विश्व कल्याण की प्रार्थना के साथ मनाया।

इस दौरान अखंड जप, गायत्री महामंत्र और महामृत्युंजय महामंत्र का जाप किया। इस दौरान गायत्री परिवार के सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे। पुजारी श्यामसुन्दर साहू वैदिक मंत्रों से यज्ञ संपन्ना कराए।

सैकड़ों स्वजन यज्ञ कुंड में आहुति समर्पित की। गंगा की उत्पत्ति तथा वेदमाता गायत्री के विषय में विस्तार से बताया। गुरूवार को अखंड जप से पूर्व पवित्रीकरण, स्वस्तिवाचन, सामूहिक प्रार्थना के साथ अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इस दौरान गायत्री परिवार के प्रेमलाल सिन्हा ने गायत्री जयंती और गंगा दशहरा पर्व पर कहा कि गंगा और गायत्री भगवान की दो विशेष विभूतियां हैं। पतित पावनी गंगा में स्नान करने से तन शुद्घ होता है उसी प्रकार गायत्री के नियमित पयपान करने से मन पवित्र होता है।

इस प्रकार इन दोनों का मानव को नवजीवन देने के लिए अवतरण हुआ है। गायत्री व सूर्य की उपासना से साधक के प्राणों का शोधन होता है और ऊर्जा संचालित होती है। आचार्य ने कहा कि जिस तरह मन से गंगा में स्नान करने से तन शुद्ध हो जाता है, उसी प्रकार गायत्री की मनोयोग पूर्वक साधना से साधक का विचार पवित्र हो जाता है। हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति में गायत्री मंत्र का विशेष महत्व है। समस्त वेदों की उत्पत्ति माता गायत्री द्वारा मानी गई है। इसी प्रकार इन्हें वेदमाता भी कहा जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विशाल सिन्हा, विद्याभूषण पटेल, दिलेश्वर मढ़रिया, सुरेश साहू, जगदीश साहू, भगवती पटेल, छन्नू लाल फेकर, सरस्वती फेकर, रेखाकृष्णा वर्मा उपसरपंच कुथरौद, साधना वर्मा, सहित स्वजन मौजूद रहे।

**पेज 11 के शेष**

### विश्व पर्यावरण दिवस...

अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा नगर पालिका बलौदाबाजार में आने वाले समय में बेहतर कार्य होगा, स्वच्छता में भी कार्य होंगे। एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत लगाए गए पौधो की सुरक्षा भी जरुरी है।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए आज नगर में बहुत अच्छी शुरुआत हुई है। वृक्ष सुरक्षित रहेंगे तभी हम भी सुरक्षित रहेंगे। जहां भी खाली जगह है वहां पेड़ लगाएं। पेड़ लगाकर उसकी देख भाल भी करनी है।

उन्होंने कहा कि पौधारोपण के लिए जनता क्रो जागरूक करना होगा और पेड़ों की कटाई रोकनी होगी। आने वाले समय में अधिक से अधिक पेड़ लगाकर शहर क्रो हरा-भरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर में लगे पेड़ पौधों में पानी देने के लिए एक टैंकर और कर्मचारी की भी व्यवस्था की जा रही है।

### पर्यावरण दिवस पर...

देवांगन एवं जीरा पाध्याय ने कार्बनडाइऑक्साइड का शोषण करने वाले पौधे पीपल, नीम, बरगद के रोपण पर बल देते हुए अपनी विचार रखें। संकुल समन्वयक देवेंद्र सिंह ठाकुर ने भी अपने विचार व्यक्त कर अधिक से अधिक पौधों के रोपण करने को कहा। कार्यक्रम में व्याख्याता शाहिना परवीन, अनिल कुमार, इंदु देवांगन, जीरा पाध्याय, योगिता देवांगन, कृतिका वर्मा, सना करीम, निशिता दीक्षित, देवेंद्र सिंह ठाकुर, अमर बर्मन एवं समस्त विद्यालयीन छात्र- छात्राएं उपस्थित थीं।

### अब तक 40 ...

के मौसम में हितग्राहियों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से बरसात पूर्व तीन माह का चावल एक मुश्त देने का निर्णय लिया है।चावल उत्सव के दौरान सम्बधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी हितग्राहियों को सुगमता से चावल वितरित करने के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है।

### कृषि की उन्नत ...

अंगद सिंह राजपूत सहित, कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र ने शुरू किया कल्पतरु अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विश्व पर्यावरण दिवस पर स्थानीय ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र में कल्पतरु अभियान की शुरुआत की गई। ब्रह्माकुमारी संस्था भारत सरकार के साथ मिलकर पर्यावरण व प्रकृति को बचाने के लिए बड़े पैमाने पर पौधारोपण कार्यक्रम चला रही है,जिसमें समाज को पर्यावरण के लिए जागरूक करना है।

संस्था इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाती है, इसी कड़ी में आज ब्रह्माकुमारी संस्था खरोरा की संचालिका ब्र कु उमा दीदी ने संस्था में पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि सभी अपने अपने स्तर पर पौधारोपण का कार्य अवश्य करें। संस्था द्वारा चलाए जा रहे कल्पतरु अभियान की जानकारी जन जन तक पहुंचाये। इसी तरह जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जल संरक्षण के लिए भी संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी सावित्री बहन, ब्र कु सुनीता बहन, विनोद भाई, रिखी राम केशव, भाई जगराखन धीवर, रेशम माता, कौशल्या बहन, बिंदु बहन, चित्रा बहन, भरत भाई आदि बड़ी संख्या में संस्था से जुड़े सदस्य उपस्थित थे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार / उद्घोषणा**

रा.प्र.क्रं. अ/2 वर्ष 2024-25 ग्राम बेलटिकरी तहसील भटगांव जिला - सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि, ग्राम बेलटिकरी तहसील भटगांव जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का व्यपवर्तन आवेदिका सहोद्री देवी पति जगजीवन प्रसाद जाति सतनामी साकिन देवरबोड़ तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा भूमि व्यवसायिक प्रयोजन के किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 10/06/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची -**

भूमि खसरा नंबर 151/3 रकबा क्रमशः 0.032 हे. पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 28.05.2025 को जारी किया गया है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार / उद्घोषणा**

**रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2024-25 ग्राम छिर्रा तहसील बिलाईगढ़ जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि, ग्राम छिर्रा तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है ।

उक्त भूमि का व्यपवर्तन आवेदिका श्रीमती कमला देवी लहरे पति संतलाल जाति सतनामी साकिन कुम्हारी तहसील टुण्डरा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा भूमि आवासीय प्रयोजन के किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10/06/2025 के भीतर अधोस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित तिथि के बाद दावा /आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

**अनुसूची :- भूमि खसरा नं. 140/10 रकबा 0.028 हे. पैसे**

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 28/05/2025 को जारी किया गया है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़**

## खबर संक्षेप

### पंजवानी परिवार ने किया नेत्रदान किया



**बलौदाबाजार।** मृत्यु अंत नहीं, यह किसी और की रोशनी की शुरुआत हो सकती है। इसी सोच के साथ पंजवानी परिवार ने अपने प्रियजन महेश पंजवानी के दुखद निधन के पश्चात उनके नेत्रदान कर समाज के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की हैं। स्थानीय निवासी महेश पंजवानी के निधन पर परिवार ने पार्थिव शरीर से नेत्रदान कराकर समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। तिल्दा से डॉ. भोजराज मोहनानी, कन्हैया हरिरामाणि एवं चेतन छाबड़ा की टीम को बुलाकर नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस पुण्य कार्य में सामाजिक संगठन 'बढ़ते कदम बलौदा बाजार' का सहयोग प्राप्त हुआ।

### तेंदूकोना के स्कूल परिसर में हुआ पौधारोपण

**तेंदूकोना।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को ग्राम पंचायत तेंदूकोना के सरपंच देवन्तीन दीवान, उपसरपंच उज्जवल अग्रवाल, सचिव विद्याचरण पटेल व समस्त पंचों की उपस्थिति में हाईस्कूल परिसर, कन्या शाला व प्राथमिक शाला परिसर में फलदार एवं छायादार के कुल 150 पौधो का रोपण किया गया। इस दौरान पंच बल्लू खान, डिगेश्वर दीवान, राज मानिकपुरी, हेमलता बैरागी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमित्रा दीवान, डिंपल बरिहा, अंबिका साहू, धनेश्वरी दीवान सहित प्राथमिक शाला के शिक्षक, शिक्षिका उपस्थित रहे।

### चरौदा में किया गया पौधारोपण

**बागबाहरा।** अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले के सभी पैक्स द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत लगभग 130 समिति के अंतर्गत 500 पौधों का रोपण किया गया। इसके तहतग्रामीण सेवा सहकारी ग्रामीण सेवा सहकारी समिति चरौदा में पीएल सिन्हा शाखा प्रबंधक बागबाहरा ने फलदार वृक्ष आम के पौधे रोपे। वही संस्था प्रबंधक ज़य प्रकाश साहू ने अमरुद के पौधेरोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया। बता दे कि शासन कि मंशानुरूप गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के उपायुक्त सहकारी संस्थाए महासमुंद द्वारकानाथ क्रांत ने सहकारी समितियों के खाली जगहों पर छायादार अथवा फलदार पौधे रोपने के निर्देश जिले के सहकारी

**बैठक : अध्यक्ष की अगुवाई में हुई बैठक, कई मुद्दों पर की गई चर्चा**

# नपं में विकास के लिए वार्डवार रोडमैप तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



आगामी 5 वर्षों तक नगर पंचायत अन्तर्गत 15 वार्डों में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के तहत आमजनों की सुविधाओं के मद्देनजर बुधवार को नगर विकास को लेकर नपा अध्यक्ष नागेश्वर साहू के नेतृत्व में नगर पंचायत अध्यक्ष कक्ष में बैठक हुई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्री साहू ने कई एजेंडों पर पार्षदों से सिलसिलेवार जानकारी ली। जिस पर मौजूद उपाध्यक्ष और पार्षदों ने बारी-बारी से अपने वार्डों की समस्याओं को अध्यक्ष को अवगत कराया। जिस पर नपा अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने वार्ड वाइस रोडमैप तैयार कर जरूरी और ज्वलंत मुद्दों पर जल्द वर्क प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया। इसके अलावा आगामी दिनों परिषद की बैठक भी आहूत करने की बात कही, जिसमें पेंडिंग कार्यों को गति मिलने की बात कही गई है। बैठक के दौरान वार्ड के पार्षदों ने अपने निधि का प्रयोग सार्वजनिक हित पर समान खरीदी या निर्माण कार्यों पर भी सहमति प्रदान की। साथ ही मौजूदा समय पर नगर के विभिन्न वार्डों में निर्माणाधीन महतारी घाट, डॉम सेट, नाली निर्माण सहित नगर के वार्डों में डामरीकरण तथा नगर के सभी वार्डों में वर्षों से लंबित आंगनबाड़ी केंद्रों के स्थान आरक्षित कर निर्माण कार्य, कॉम्प्लेक्स निर्माण, गार्डन, नगर में बाजार एवं चौपाटी हेतु स्थान आरक्षित करने जैसे अन्य विकास परख निर्माण कार्यों पर चर्चा हुई।

नपा अध्यक्ष नागेश्वर साहू और उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप नवदीप मानिकपुरी ने मीडिया से चर्चा में कहा कि केंद्र से लेकर राज्य और नगर में ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार है, प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल लगातार आमजनों की समस्या का समाधान कर रहे हैं, इन्हीं के मार्गदर्शन में जनप्रतिनिधियों की पहली प्राथमिकता वार्ड की समस्याओं को त्वरित समाधान करना है, इसके अलावा सभापति शकुंतला पटेल, रामा धीवर, अजय साहू, पार्षद पुनेश्वरनाथ मिश्र, भानु प्रताप साहू, भगवती साहू, सुदंर साहू, नीरज साहू, संतोष भारती, चन्द्रिका वैष्णव, श्री यादव, संजय साहू ने कहा कि नगर का रॉड मैप तैयार किया जा रहा है, लगातार नगर के वार्डों में चल रहे विकास कार्य के साथ नगर की साफ-सफाई, जल और लाइट की समस्याओं पर मॉनिटरिंग की जा रही है, आमजनों से मिली शिकायत पर तत्काल समाधान भी किया जा रहा है। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि विनोद बंजारे, जानु यादव, विमल वैष्णव सहित दीपक पटेल मौजूद थे।

# नगर में भागवत कथा जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर के अग्रवाल परिवार द्वारा इन दिनों भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कथावाचन नारायण महाराज हैं। कथा के आयोजक योगेश अग्रवाल एवं यशवंत अग्रवाल समस्त अग्रवाल परिवार द्वारा स्व. शिव कुमार अग्रवाल के वार्षिक श्राद्ध में यह दिव्य कथा पूर्ण श्रद्धांजलि है। पहले दिन शोभा यात्रा निकाली गई और परीक्षित जन्म, सुकदेक जन्म, एवं गोकरण कथा सुनाई गई। कथा झांकी के माध्यम से प्रस्तुत की गई। चतुर्थ दिवस गजेंद्र हाथी की कहानी का वैष्णव धर्म का प्रसंग सुनाया गया। वामन अवतार का उद्देश्य राक्षस राजा महाबली को हराना था। राक्षस राजा ने फैसला सुनाया था कि देवताओं के पास अब स्वर्ग और पृथ्वी का स्वामित्व नहीं है और इसलिए भगवान विष्णु ने राजा को हराने और पृथ्वी पर संतुलन बहाल करने के लिए अपने पांचवें अवतार वामन का रूप धारण किया।

### कथा 8 जून तक चलेगी

नारायण महाराज ने कहा हम भगवान को अपना सबकुछ समर्पित कर दें, निश्चित भगवान किन्हीं रूपों में जरूर दर्शन देंगे। तत्पश्चात समुद्र मंथन की कथा सुनाई गई। भगवान के जन्म से लेकर धनुष यज्ञ, विवाह, वन गमन रावण वध पश्चात राजायभिषेक जहां अग्रवाल परिवार में रामराज अभिषेक अग्रवाल परिवार के बुजुर्गों द्वारा किया गया। दिव्या भगवान की झांकी निकली गई। आयोजक योगेश अग्रवाल ने बताया कि यह कथा 8 जून तक चलेगी।

# हायर सेकंडरी छात्रों ने रोपे पौधे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद के राष्ट्रीय सेवा योजना, इको क्लब एवं आयुष ग्राम पंचायत हथबंद के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण के दिवस पर शाला परिसर की साफ सफाई एवं रंग रोदन किया गया। साथ ही साथ एक, पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में शाला परिसर एवं आयुर्वेदिक अस्पताल में पौधारोपण किया गया। त्रिवेदी ने बताया कि पर्यावरण को संतुलित करने के लिए ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए अगले पांच साल में पांच करोड़ वृक्ष की आवश्यकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ मां के नाम पर एक पेड़ जरूर लगाए और उसकी रक्षा करें। आयुर्वेदिक चिकित्सालय हथबंद के डॉ. नम्रता सिंघानिया द्वारा स्वयं सेवकों को निर्गुंडी, बाशा, मीठा नीम , तुलसी, एलोवेरा जैसे जड़ी बूटी के पौधे का वितरण किया गया एवं रोगों की इलाज जड़ी बूटी से करने के फायदे बताए गए। तत्पश्चात सभा आयोजित कर स्वयं सेवक मीनाक्षी कोसले द्वारा शाला परिसर में रोपित पौधे की रक्षा एवं सुरक्षा का संकल्प दिलाया गया। व्यायाम शिक्षिका राजेश्वरी साहू ने स्वयं सेवकों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में आयुष ग्राम हथबंद से अश्वनी ध्रुव, गोविंद पैकरा, घनश्याम गायकवाड, स्वयं सेवक मानसी कोसले, अनीता सोनवानी, शिवानी टंडन, लिली मार्कण्डेय, प्रीति कुर्रे, लिली मार्कण्डेय, नीलम डहरिया,चांदनी वर्मा, धनराज चांदनी निर्मल कर,मुस्कान चतुर,सीमा पाल,धनराज साहू,इको क्लब लक्ष्मी साहू, किरण साहू, आइसा खान, माया निषाद, दामिनी मौजूद थीं।

# 25 पंचायतों के सरपंचों ने लिया पानी बचाने का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

> ■ बंगोली क्लस्टर में मोर गांव मोर पानी अभियान का प्रशिक्षण जारी



तिल्दा जनपद पंचायत के अंतर्गत मोर गांव मोर पानी के इस महा अभियान के तहत क्लस्टरवार प्रशिक्षण जारी है।

प्रशिक्षण स्थल जनपद पंचायत तिल्दा कुल चार क्लस्टर है, जिसमें 6 जून को बंगोली क्लस्टर के तहत 25 ग्राम पंचायत के सरपंच सहित सचिव, रोजगार सहायक, महिला समूह के कर्मचारियों ने मोर गांव मोर पानी के तहत पानी की बचत कैसे करना है इस पर, जल संरक्षण, जल संचय, जल संवर्धन व जल की बचत से कृषि कार्य, सब्जी भाजी, मछली पालन, पौधारोपण कार्य किया जा सकता है।

पानी बचाओ महाअभियान में तालाब, डबरी, चेकडेम, स्टाप डेम, नाली निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग, कुंआ, हर घर सोखता गड्डा बॉध आदि बनाकर पानी की समुचित प्रबंधन कर पानी बचाना है। बोरवेल्स, हैण्डपंप, बरसात की पानी को रोक कर जल की स्तर को बढ़ाना है। आने वाले समय में पानी की विकराल समस्या होगी। पानी बचाने ग्रामवासीयों को प्रेरित करना है, जन सहयोग से ही पानी बचाना है। प्रशिक्षणार्थी सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, बिहान समूह के महिलाओं तथा जनपद के अधिकारी कर्मचारियों ने पानी बचाने शपथ ग्रहण किया। प्रशिक्षण में तिल्दा जनपद सीईओ विवेक गोस्वामी, निलकमल पटेल मनरेगा पीओ, बीपीएम आनंद भारद्वाज, आइओ खिलेश्वर वर्मा, भगवंत वर्मा वरिष्ठ करारोपण अधिकारी तिल्दा उपस्थित थे।

## गायत्री मंदिर में मनाया गंगा दशहरा पर्व



**भटगांव।** गायत्री जयंती व गंगा दशहरा पर गायत्री प्रज्ञा पीठ भटगांव में 1 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ हुआ, जहां गायत्री परिजन एवं श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। यज्ञ 4 पालियो में सम्पन हुआ और यज्ञ के दौरान 2 बच्चे का मुंडन संस्कार व विद्या आरम्भ संस्कार कराया गया। पूर्वांश पटेल का मुंडन तो वेदांशी पटेल का विद्या आरम्भ संस्कार किया गया। वहीं गायत्री परिवार के कार्यकर्त्ता भिमेस्वर आदित्य ने बताया कि आज ही के दिन मां गायत्री का अवतरण हुआ था और अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा विश्व के लोगों के लिए गायत्री मंत्र और गायत्री दोनों को स्वतंत्र रूप से पूजा व विधि को करने में सफल हुए। इस अवसर पर प्रज्ञा इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर केपी पटेल ने खिचड़ी प्रसादी की व्यवस्था की और अन्य श्रद्धालुओं ने भी विभिन्न प्रकार के प्रसाद वितरण किया।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मनाया गया दाई बबा दिवस



**मुंडा।** हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर के तहत दाई बबा दिवस स्वास्थ्य मेला का आयोजन 4 जून को आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुंडा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आदेशानुसार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत के सरपंच शशिकला पांडेय द्वारा गांव के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर के तहत दाई बबा दिवस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय में बुजुर्गों के सम्मान और सहभागिता को बढ़ावा देना बुजुर्गों के स्वास्थ्य की समग्र जांच एवं परामर्श देना पीढ़ियों के बीच संवाद एवं भावनात्मक जुड़ाव को सशक्त करना युवाओं को बुजुर्गों की देखभाल एवं सेवा के प्रति संवेदनशील बनाना है।

### 53 बुजुर्गों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में 53 बुजुर्ग उपस्थित हुए, जिसमें सभी का बीपी शुगर जांच नेत्र परीक्षण एवं आभा आईडी बनायी गई। साथ ही साथ योग शिक्षा खान-पान के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रभा निषाद ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक राजेश, काशी, कुमारी निशा साहू मितानिन, सरोजनी वर्मा, संतोषी वर्मा, सरोजनी विश्वकर्मा, दशवंतीन वर्मा सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# ग्रामीण अंचल में कृषि संकल्प अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिरसा-नाला




किसानों को जागरूक करने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कृषि संकल्प अभियान 29 मईं से 12 जून तक चलाया जा रहा है। इसके परिपालन में ग्राम, रोहिना, जोरा में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। इसके अलावा पीएम किसान, डिजिटल एग्रीकल्चर एवं अन्य विभागीय योजनाओं को पात्र हितग्राहियों को लाभ लेने हेत प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुनीति साहू, डोल कुमार जायसवाल, कृषि महाविद्यालय रायगढ़ डॉ. हरीश चंद तंवर अध्यापक, दीनानाथ साहू, प्रकाश कुमार थवाईत, उद्यान विभाग से एमके भगत, विवेक कुरे,पशु विभाग से निराला, फसल बीमा योजना से खुटे, सरपंच रोहिना-सुदर्शन सिंह, देवेंद्र बघेल, जोरा सरपंच, गायत्री, संजय साहू, उपसरपंच जोरा, समस्त पंच, किसान मित्र रतन यादव, रमेश पटेल, कमलेश्वर पटेल, विनोद बघेल तथा क्लस्टर ग्राम के किसान उपस्थित थे।

### जैविक खेती करने की गुर बताये

शिविर में किसानों को उन्नत कृषि तकनीक एवं कषक हितैषी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गईं तथा पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तरह शिविर में ग्राम रोहिना में पौधारोपण किया गया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृष्ण कुमार साहू द्वारा नवीनतम तकनीकों के संबंध में कृषकों के मध्य जागरूकता तथा जैविक खेती करने की गुर बताये गये। धान की 10 साल के अंतर की किस्म अपनाने व खाद का अग्रिम उठाव करने की सलाह कृषकों को दी। साथ ही किसानों को सम्पन्न बनाने की दिशा में किसान कल्याण तथा कृषि वैज्ञानिकों, कृषि उद्यानिकी, पशु पालन एवं मछली पालन विभांग के सहभागिता से अभियान को क्रियान्वित किया जा रहा है।

# नगर में मनाया गया माता राजराजेश्वरी का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



नगर के राजराजेश्वरी मंदिर में गुरुवार को माताजी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः 11 बजे से पूजा-अर्चना और अभिषेक का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। माता का अभिषेक परंपरागत रूप से विभिन्न पवित्र द्रव्यों से किया गया, जिसमें दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, फलों का रस, नारियल पानी एवं विभिन्न तीर्थों के जल शामिल थे। श्रद्धालुओं को स्वयं अपने हाथों से माताजी का अभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन पं. धनंजय शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि वैशाख शुक्ल द्वादशी के दिन मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी और तभी से हर वर्ष इस दिन को माता राजराजेश्वरी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह वर्ष का एकमात्र अवसर होता है, जब श्रद्धालुओं को माताजी का अभिषेक करने का विशेष अधिकार मिलता है।

इस अवसर पर नगर के कई श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिनमें जुगल अग्रवाल, आचार्य राम शर्मा, आचार्य आयुष मिश्रा, अंजू पांडे, निकिता मिश्रा, प्राची मिश्रा और मौली शर्मा का विशेष योगदान रहा। मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था, जिसमें रंग-बिरंगे पर्दे, गुब्बारे और फूलों से माता का भव्य श्रृंगार किया गया। भक्तों के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

### सोसाइटी परिसर में हुआ पौधारोपण

**नर्रा।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्राथमिक साख सहकारी समिति परसुली परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया गया। इस दौरान प्राधिकृत अध्यक्ष लोचन पटेल, समिति प्रभारी राजेश पटेल, तेजलाल साहू, गणेश्वर यादव, नीलकंठ पटेल, कृषक कोमल सोम, फैलसिंह पटेल, अवधराम निषाद, छबिराम पांडे, गोहाराम पटेल आदि मौजूद रहे।





(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
- पॉली ट्रॉमा
- मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
- कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
- पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
- हड्डियों से मवाद रिसना
- ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित

24 Hours Helpline 9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सर्वप्रथम अत्याधुनिक (अल्ट्रामॉडर्न) बर्न यूनिट
10 इंटेंसिव आइसोलेशन केयर ग्लास केबिन, हेपा फिल्टर/लेमिनर फ्लो 100% जीवाणु रहित ग्लास केबिन.
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर से मिलिए
7 जून दिन शनिवार
राना मेडिकल स्टोर, सरकारी अस्पताल के पास, भाटापारा
समय - सुबह 10:00 से 3 बजे तक

शुगर के खतरे से बचे होम्योपैथी दवा द्वारा उपचार
शुगर के कारण सुस्ती कमजोरी थकान, भूख कम लगना

- अर्थराइटिस / (जोड़ो पद दर्द) न्यूरोपैथी (नशों में दर्द)
- L4-L5 नशों में दबाव के कारण अकड़न, चलने पर दर्द, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान।
- घुटना दर्द - घुटने में सूजन, कट- कट की आवाज, बैठकर उठने, चलने पर दर्द होना, हड्डी में गैफ, लिक्विड़ कम होना।
- मूत्र एवं किडनी रोग - (पेशाब नली की सिकुड़न, प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना, UTI बार-बार इंफेक्शन) मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, धार कमजोर, ऐसा लगता है, पेशाब बचा है और बार-बार जाना, रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, कपड़े पर लिकेज होना। शुगर के कारण पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना, यौन कमजोरी (Erectile Dysfunction) शुक्राणु की कमी।
- विशेष चिकित्सा - फंगल इन्फेक्शन, खुजली, सफेद दाग
  FATTY LIVER - भूख कम लगना, गैस, पेटफूलना, पेट साफ न होना।
  पाईल्स, भगन्दर, फिशर (गुदामार्ग पर जलन, दर्द, मवाद आना।)

जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट



मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया, एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया, एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर